सात नाले अब भी गोमती में गिरा रहे सीवेज

डीएम ने जल निगम को पत्र लिख किया जवाब तलब

File

■ एनबीटी सवांददाता लखनऊ

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गोमती रिवर फ्रंट को कोई और नहीं बल्कि जल निगम ही पलीता लगा रहा है। अब भी गोमती नदी में सात गंदे नालों का सीवेज सीधे गिर रहा है।

इस पर चिंता जताते हुए डीएम राज शेखर ने शनिवार को अधिशाषी अभियंता जल निगम को पत्र लिखकर कहा है कि हाल ही में ड्रोन कैमरों से फोटोग्राफी और विडियोग्राफी करवाई गई है। इसमें पता चला है कि ये गंदे नाले सीधे गोमती नदी में गिर रहे हैं। डीएम ने जल निगम के अधिशासी अभियंता से पूछा है कि नए एसटीपी/एसपीएस का क्या प्रस्ताव बनाया गया है। वर्तमान में यह प्रस्ताव कहां पर लंबित है? स्थानीय स्तर पर ट्रीटमेंट की क्या व्यवस्था है और योजना क्या है?

दो एसटीपी लंबित

डीएम ने बताया कि सबसे बड़ी चिंता यह है कि चिह्नित किए गए 37 नालों में सात नाले गोमती में सीवेज गिरा रहे हैं। इस समस्या के निदान के लिए जल निगम ने दो नए एसटीपी प्रस्तावित किए हैं, लेकिन वे कहां लंबित हैं? इस संबंध में जवाब मांगा गया है।